आईएनएस चेन्नई

आईएनएस चेन्नई: 'शत्रु संहारक'

देश में निर्मित सबसे बडे युद्धपोत आईएनएस चेन्नई को रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने राष्ट्र को समर्पित किया. चेन्नई के प्रतिष्ठित फोर्ट सेंट जॉर्ज की आकृति अपने शिखर पर लिए इस युद्धपोत पर संस्कृत में लिखा है 'शत्रु संहारक'

इस युद्धपोत का निर्माण प्रोजेक्ट 15ए के अन्तर्गत कोलकाता श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसकों का स्वदेश में निर्माण करने की योजना की परिणति है. भारतीय नौसेना 2027 तक 200 युद्धपोत युक्त सैन्य ताकत बनने की योजना पर काम कर रही है

- निर्माण: **मझगांव डॉक लिमिटेड शिपबिल्डर्स, मुंबई** (हथियार एवं सेंसर इजरायल और रूस से आयातित)
- आयाम: **163 मीटर लंबाई, 17.4 मीटर चौड़ाई**
- विस्थापन: **7,500 टन**
- अधिकतम गति: **30 समुद्री मील** (करीब 55 किलोमीटर / घंटा)
- प्रोपल्शन: **चार रिवर्सेबल गैस टरबाइन वाला संयुक्त गैस और प्रोपल्शन संयंत्र**
- शस्त्र भंडार:
  - **सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल** (सतह से सतह पर मार करने वाली)
  - **लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली बराक-8 मिसाइलें**
  - **पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर युक्त**
  - **हम्सा–एनजी सोनार**
  - **हैवीवेट टॉरपीडो ट्यूब लांचर और रॉकेट लांचर**
- रक्षा प्रणाली: **टारपीडो को चकमा देने वाली स्वदेशी 'मारीच' और 'कवच' प्रणाली**
- क्षमता: **समग्र समुद्री युद्ध में सक्षम और दो बहु-भूमिका हेलीकाप्टरों को ले जाने की क्षमता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ins-chenai